एक नजर में



## नेपाल की घटनाओं से सिंधिया चिंतित

**ग्वालियर.** भारत और सिंधिया परिवार का नेपाल से गहरा और प्राचीन पारिवारिक संबंध रहा है. हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है. यह बात मंगलवार को ग्वालियर प्रवास पर आये केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पत्रकारों से चर्चा में कहीं. केन्द्रीय मंत्री सिंधिया उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद ग्वालियर आए और अगले 4 दिनों तक ग्वालियर, गुना, शिवपुरी और अशोकनगर का दौरा करेंगे. ग्वालियर विमानतल पर सिंधिया ने नेपाल में चल रहे हिंसक प्रदर्शनों पर अमन-चैन और शांति की कामना की.

## पीथमपुर हादसे पर नेता प्रतिपक्ष सिंघार का सवाल


**धार.** धार जिले की औद्योगिक नगरी पीथमपुर में हुई दुर्घटना को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश सरकार से तीखे सवाल किए हैं। गंधवानी विधायक सिंघार ने फेसबुक पोस्ट के जरिए कहा कि हादसे में तीन मजदूरों दीपक जामोद (गंधवानी), जगदीश निनामा (तिरला) और सुशील कर्मा (खातेगांव) की मौत बेहद दुखद और शर्मनाक है। सिंगार ने लिखा कि इंडस्ट्रियल एरिया में आए दिन मजदूर अपनी जान गंवाते हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन केवल जांच के आदेश देकर मामलों को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार से पूछा क्या प्रदेश में मजदूरों की जान इतनी सस्ती है, या सरकार का काम सिर्फ उद्योगपतियों की रक्षा करना है? नेता प्रतिपक्ष ने मृतक परिवारों को उचित मुआवजा देने और हादसे के लिए जिम्मेदार प्रबंधन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

# सख्त निर्णय लेने के लिए हमेशा याद रहेंगे कलेक्टर दीपक सक्सेना

अविनाश दीक्षित

**जबलपुर, 9 सितंबर. ऐसे अधिकारी बार-बार नहीं आएंगे, सर आपका नाम जबलपुर के इतिहास में सुनहरे अक्षर में दर्ज हो गया है. आपकी सख्त निर्णय लेने की शैली, जनता के प्रति समर्पण, बेबाक अंदाज सहित अन्य खूबियां जबलपुर में ऐसी विरासत छोड़कर जा रही हैं जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता.**

ये बातें सोशल मीडिया से लेकर शहरवासियों के बीच अब जोरों पर चलने लगीं हैं. कई



अभिभावकों ने गहरा दुख्ख व्यक्त करते हुए भी प्रतिक्रिया दी है कि कलेक्टर साहब का दूसरे शहर जाना जबलपुर के लिए एक दुख्खदायी खबर है. हालांकि तबादले आदेश के मुताबिक राज्य शासन ने दीपक सक्सेना को पदोन्नत करके आयुक्त जनसंपर्क बनाया है. भोपाल में अब श्री सक्सेना अपनी सेवाएं देंगे. विगत जनवरी 2024 से जबलपुर में कलेक्टर का पदभार ग्रहण करने से लेकर 8 सितंबर 2025 तक का दीपक सक्सेना का कार्यकाल कुछ इसलिए भी बेहद खास रहा क्योंकि वे जनता से सीधे जुड़े हुए थे. आम नागरिक अपनी किसी भी समस्या से सीधे उनसे संपर्क कर सकता था इसलिए शहर में वे काफी लोकप्रिय हो गए.

जबलपुर में निजी स्कूल संचालकों, बुक सेलर्स, प्रकाशक के गठजोड़ को तोड़ने के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा जबलपुर में चलाए गए अभियान में भी जबलपुर में अभिभावकों के बीच कलेक्टर को काफी लोकप्रिय कर दिया. श्री सक्सेना के इस अभियान में फर्जीवाड़ा, अवैध वसूली करने वाले कई लोगों को जेल तक की हवा खानी पड़ गई. अंततः इस बार नए शैक्षणिक सत्र में शहर के सभी अभिभावकों को सस्ते दामों पर बच्चों की कॉपी, किताबें उपलब्ध हुईं जिसके बाद अभिभावकों ने कलेक्टरी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की. साथ ही पुस्तक मेले को कोई भी शहरवासी भूलना नहीं चाहेगा. जानकारी के अनुसार शहर के निजी स्कूल संचालकों द्वारा फीस का स्ट्रक्चर बनाकर करीब 400 करोड़ से अधिक की अवैध वसूली अभिभावकों से की गई थी जिस मामले में आगे आकर कलेक्टर ने स्कूल संचालकों, मुद्रकों, प्रकाशकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई. इसमें 51 आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था. मामले में कलेक्टर ने निजी स्कूल संचालकों को आदेश भी जारी किए कि अभिभावकों को उनकी बढ़ी हुई फीस की राशि वापस की जाए.

> जबलपुर में नवाचार के लिए कलेक्टर दीपक सक्सेना ने अपनी अलग पहचान बनाई। इसी नवाचार के तहत कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के बीच न्यायिक और गैर न्यायिक दो हिस्सों में काम का बंटवारा किया जो कि पूरे प्रदेश के लिए मॉडल बना। इस नवाचार के तहत न्यायिक कार्य में लगाए गए नायब तहसीलदार और तहसीलदारों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक केवल न्यायिक कार्यों में लगाया गया वहीं गैर न्यायिक अधिकारियों को प्रोटोकॉल, ड्यूटी और कानून व्यवस्था की स्थिति संभालने की जिम्मेदारी सौंप दी। इस नवाचार ने जबलपुर में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में सुर्खियां बटोरीं थीं। इसके अलावा जबलपुर के राजस्व रिकॉर्ड रूम को पूरी तरह से डिजिटल, वातानुकूलित और नागरिक सुविधाओं से लैस बनाया। नवाचार के तहत ये भी पूरे देश का एक मॉडल माना जा रहा है।

# जीएसटी के फायदे गिनाएंगे मंत्री

## सीएम ने अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान सीएम ने दिये निर्देश



प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 9 सितंबर. देश में जीएसटी की दरों में बदलाव के फायदे गिनाने की जिम्मेदारी मंत्रियों के कंधे पर होगी. मंत्री जब भी गृह या प्रभार के जिलों का दौरा करेंगे, तो वहां होने वाले कार्यक्रमों में जीएसटी की दरों में हुए बदलाव का जरुर जिक्र करेंगे और बताएंगे कि इससे किसानों, महिलाओं सहित समाज के अन्य वर्ग को कितना फायदा होने वाला है.**

वे इस दौरान स्वदेशी की भी पैरवी करेंगे और लोगों को स्वदेशी वस्तु लेने ही आग्रह करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान इस संबंध में मंत्रियों को निर्देश दिये हैं. इस दौरान सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नये जनरेशन का जीएसटी रिफॉर्म लाकर जो सुधार किया है, वह आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं के जीवन को स्वावलंबी बनायेगा. यह आम आदमी के जीवन को सुविधा देने वाला उपहार है. अब की बार पूरा देश स्वदेशी से समृद्धि के संकल्प के साथ दीपावली मनाएगा. स्वदेशी से स्वावलंबन के दीप घर-घर जलेंगे.

**▸ नए जीएसटी रिफॉर्म से समाज के अन्य वर्ग को होगा फायदा**

### ▸ मंत्री करेंगे स्वच्छता सेवा में भागीदारी

प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा की थीम पर सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा. स्वच्छोत्सव की थीम पर शहरी और ग्रामीण इलाकों में अस्वच्छ क्षेत्रों का चिह्नांकन कर उन्हें स्वच्छ बनाने के लिए गतिविधियां होंगी. पखवाड़े के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन गतिविधियों में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संगठनों को भी सहभागी बनाया जाए. मंत्रीगण प्रशासनिक, अधिकारी और राजनीतिक पदाधिकारी का सहयोग लेते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता- सेवा गतिविधियों का अधिक से अधिक विस्तार करें.

### कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में विजन डॉक्यूमेंट पर होगी चर्चा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरे के बाद भोपाल में दो दिवसीय कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी. कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर, एसपी, कमिश्नर, आईजी और पुलिस कमिश्नर भाग लेंगे. कॉन्फ्रेंस में आगामी वर्षों की कार्ययोजना और विजन डॉक्यूमेंट पर भी चर्चा होगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को इससे पहले अपने-अपने विभागों की विस्तृत समीक्षा करने के निर्देश दिए.

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार की थीम पर होगा कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को धार जिले के बदनावर में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास करेंगे. इस अवसर पर स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार, स्वदेशी, एक पेड़ मां के नाम, एक बगिया मां के नाम, पीएम-जनमन योजना, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान और मिशन कर्मयोगी की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.

# ट्रैक्टर समेत लाखों रूपये की अवैध रेत जप्त

## चितरंगी पुलिस ने बैरीटोला में अवैध रेत किया बरामद, मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। चितरंगी पुलिस ने बैरीटोला गांव के सड़क मार्ग में आज घेराबंदी कर अवैध रेत के साथ एक ट्रैक्टर को जप्त किया। जहां पूछतांछ के दौरान चालक के बताये अनुसार बोदखूटा में अवैध रूप से भण्डारित करीब 15 ट्रॉली रेत भी जप्त किया है। जप्त रेत एवं ट्रैक्टर की कीमत करीब 7 लाख रूपये आंकी जा रही है।**



चितरंगी थाना प्रभारी सुधेश तिवारी को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि एक बिना नम्बरी स्वराज ट्रैक्टर बोदा तरफ रेत लोड़कर गीरछादा तरफ बिक्री करने आ रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी चितरंगी टीआई ने तत्काल टीम गठीत कर कार्यवाही के लिए रवाना हुये। जहां पुलिस के वाहन को देखकर ट्रैक्टर चालक बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के स्वराज ट्रैक्टर मय रेत लोड को बैरीटोला आश्रम रोड पर घुमा दिया। पुलिस ने पीछा किया और ट्रैक्टर को खड़ा कराया। चालक के पास मौके पर कोई दस्तावेज टीपी नही मिली। इस दौरान ट्रैक्टर चालक से रेत उत्खनन स्थान के बारे में पूछतांछ किया तो चालक ने बताया कि बोदाखूटा निवासी परमेश्वर जायसवाल के यहां भण्डार है। वहीं से उठाव किया जाकर बिक्री के लिए ले जाया जा रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर को थाना लाई और चालक व वाहन मालिक के विरूद्ध अपराध धारा 303(2),317(5) बीएनएस 4/21 खान. खनिज अधि. का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर ट्रैक्टर मय रेत लोड़ जप्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। वहीं उक्त कार्रवाई के बाद टीआई पुलिस टीम के साथ बोदाखूटा पहुंच परमेश्वर जायसवाल के यहां अवैध रूप से भण्डारित 12 से 15 ट्रैक्टर ट्रॉली रेत को जप्त कर खनिज अधिकारी को अवगत कराया। साथ ही रेत जप्त कर सुरक्षार्थ सरपंच बोदाखूटा को सुपुर्द किया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक सुधेश तिवारी, उनि सुरेन्द्र यादव, सउनि आरडी वर्मा, आर सुभाष पाल, अमलेश सिंह, वीर प्रताप सिंह, वर्षा पंथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# जनता से सीधा संवाद आपकी समस्या, हमारा संकल्प : राजेन्द्र

नवभारत न्यूज

**देवसर 9 सितम्बर। आज बंधा देवरी, पिड़रवा, तेंदुआ क्षेत्र में कोल ब्लॉक से प्रभावित परिवारों एवं क्षेत्रवासियों से देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम ने संवाद किया। विस्थापन की समस्याओं और किसानों की छुटी हुई, संपत्तियों पर विस्तार से चर्चा किया एवं कहां कि आप सभी ने जिस खुलेपन और विश्वास के साथ अपनी बात रखी, वह मेरे लिए ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत है।**




विधायक ने आश्वस्त किया है कि आपकी समस्या का समाधान ही मेरी प्रथम प्राथमिकता है। जनता के अधिकारों से कोई समझौता नहीं होगा और किसी भी कीमत पर आपका हक छीना नहीं जाएगा। विस्थापन एक्ट में छूटी हुई संपत्तियों को शामिल कराने तथा प्रभावित परिवारों को पूरा लाभ दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। विस्थापितो की आवाज को कोई दबा नहीं सकता। बल्कि यह आवाज और बुलंद होगी।

आपके विश्वास और आशीर्वाद से ही मुझे वह शक्ति मिलती है जो हर चुनौती का सामना करने में मुझे अडिग बनाती है। आपकी जो भी समस्याएं हैं उनका निराकरण कराया जाकर विस्थापन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जायेगा। इस अवसर पर देवसर उपखण्ड के एसडीएम अखिलेश सिंह सहित केडी वैश्य, तहसीलदार, वरिष्ठ नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# अद्भुत और अनूठा होगा 'नवभारत' का 'विचार मंथन'

**ब्यावरा 09 सितम्बर. पिछले 25 वर्षों से ब्यावरा में होने वाला 'नवभारत' का वैचारिक आयोजन इस वर्ष अद्भुत, अनूठा होगा. यह आयोजन का 26 वा वर्ष है.**



स्व. श्री रामगोपाल जी माहेश्वरी बाबूजी की पावन स्मृति में होने वाला यह आयोजन इसलिये खास है क्योंकि इस वर्ष इसे प्रकृति, पर्यावरण पर केंद्रित रखा गया है. इस वर्ष विचार मंथन का विषय- 'प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ और दुनिया पर गहराते संकट के बादल' है. देश और दुनिया में हो रही प्राकृतिक आपदाओं के पीछे जो कारण शोध में आए है उनमें प्रकृति विरूद्ध विकास की होड़ ही है. 'नवभारत' के वैचारिक आयोजन का यह 26 वां वर्ष जीवन बचाने के सामूहिक जागरुकता के प्रयासों की ओर आगे बढ़ाने वाला एक कदम होगा. विचार मंथन के मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध पर्यावरणविद् 'जलपुरुष' डॉ राजेन्द्र सिंह होंगे. उनके साथ ही तीन और विद्वान वक्ता वरिष्ठ पत्रकार हृदयेश जोशी नई दिल्ली, पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद मप्र, वरिष्ठ पत्रकार जय नागड़ा खण्डवा अपने विचार व्यक्त करेंगे.

### काव्य निशा का आयोजन

बाबूजी की पुण्यतिथि पर हमेशा की तरह रात्रि को 'काव्य निशा' का आयोजन होगा. जिसमें कवि सम्मेलन की फूहड़ता से दूर उत्कृष्ट काव्य रसपान करने का अवसर श्रोताओं को मिलेगा. शनिवार की रात्रि 08 बजे से काव्यनिशा शुरू होगी. जिसमें पद्मश्री बाबूलाल दाहिया पिथौराबाद (सतना), गीतकार संदीप द्विवेदी कवि भोपाल, हास्य-व्यंग्यकार गिरजेश वैष्णव, रामगंजमंडी राजस्थान, ओजस्वी गीतकार नरेन्द्र अटल -महेश्वर (मप्र), प्रियंका मिश्रा कवियत्री, श्रृंगारिक गीतकार विजयराघौगढ़ कटनी, युवा गीतकार सचिन 'सावन' शाजापुर, गजलकार अकबर ताज खण्डवा, कवियत्री ऋचा गौड़ इंदौर शामिल है. जबकि काव्य निशा के सूत्रधार और मंच संचालक पिड़ावा राजस्थान के वरिष्ठ कवि श्री अनिल जैन 'उपहार' होंगे. कार्यक्रम का स्थान विगत वर्षानुसार बैकुंठ मार्ग स्थित श्री संपत मोदानी के मैरिज गार्डन वल्लभा परिसर होगा.




# 23 सितम्बर से शुरू होगा अमेज़न ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल

## प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे पहले एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा

नवभारत न्यूज

**सतना 9 सितंबर, टॉप डील्स और नए लॉन्च : ग्राहक इस बार रोमांचक डील्स, साल की सबसे कम कीमतों और 1 लाख से अधिक प्रोडक्ट्स पर शानदार ऑफ़र्स का आनंद ले सकेंगे और सैमसंग, एप्पल, इंटेल, एचपी, आसुस, टाइटन, लिबास, लोरियल और कई अन्य बड़े ब्रांड्स के नए लॉन्च भी उपलब्ध होंगे।**

स्मार्टफोन पर 40% तक की छूट, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और ब्यूटी, होम किचन और आउटडोर प्रोडक्ट्स पर 80% तक की छूट, रोज़मर्रा की ज़रूरतों पर 70% तक की छूट, टीवी और होम अप्लायंसेज़ पर 65% तक की छूट, वहीं अमेज़न फ्रेश, इको विद एलेक्सा, फायर टीवी और किंडल और कई अन्य प्रोडक्ट्स पर 50त्न तक की छूट मिलेगी।

**भारत के छोटे व मझोले व्यवसायों का उत्सव-** देशभर के 17 लाख से अधिक सेलर्स हजारों डील्स व नए प्रोडक्ट्स लाएंगे, जिनमें छोटे व मझोले कारोबारियों की खास पेशकश भी शामिल होगी।

**इस त्योहारी सीज़न में बड़ी बचत-**ग्राहक एसबीआई क्रेडिट और डेबिट कार्ड व ईएमआई ट्रांज़ैक्शन पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट पा सकेंगे। अन्य बड़े बैंकों से भी रोमांचक ऑफ़र मिलेंगे। साथ ही, अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर अनलिमिटेड कैशबैक मिलेगा।

**रोमांचक एआई शॉपिंग अनुभव-**बेहतर खरीदारी के लिए रुफ़स एआई का उपयोग करें – प्रोडक्ट खोजें, तुलना करें, कीमत की हिस्ट्री देखें, सुझाव पाएं और बहुत कुछ। लेंस, एआई, एआई रिव्यू हाइलाइट्स, एआर व्यू जैसे आसान फीचर्स भी मिलेंगे।

**प्राइम वीडियो की ओर से सभी के लिए मनोरंजन-** सभी भाषाओं और शैलियों में फिल्मों और सीरीज़ की शानदार लाइनअप। इसमें तमन्ना भाटिया व डायना पेंटी की डू यू वान्ना पार्टनर, रजनीकांत और नागार्जुन की कूली, द गर्लफ्रेंड, जेन वी सीज़न 2, प्ले डर्टी और आवर फॉल्ट (कुल्पा नुएस्त्रा) का फिनाले शामिल है।

# सेवा पखवाड़ा के रूप में मनेगा प्रधानमंत्री का जन्मदिन




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 9 सितम्बर। 17 सितंबर को विश्व शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती के साथ ही भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी जन्मोत्सव मनाती है तथा इसी दिन से आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जी की जयंती तक एक विशेष सेवा पखवाड़ा पार्टी के द्वारा आयोजित किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी इस अभियान को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित करती है।**

जिले में भी यह कार्यक्रम व्यापक स्तर पर आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के नेतृत्व में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस कार्यशाला में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह, पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम सुमिरन गुप्ता, गिरीश द्विवेदी, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा की विशेष मौजूदगी रही। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि इस पूरे पखवाड़े को पार्टी ने सेवा पखवाड़े का नाम दिया है तथा संचालन की दृष्टिकोण से जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी को इस अभियान का प्रभारी नियुक्त किया है तथा सह प्रभारी के रूप में जिला महामंत्री लालपति साकेत, जिलामंत्री विनोद चौबे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

प्रभारी ने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रबुद्ध संवाद, संगोष्ठी, वोकल फार लोकल के प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों के लिए वो स्वयं ही प्रभारी रहेंगे तथा उनके साथ निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय एवं जिलामंत्री प्रवेंद्र धर द्विवेदी विशेष सहयोगी रहेंगे। इसके अलावा अन्य कई कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौपी है।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नागेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी तनय स्व. हरिशंकर त्रिपाठी उम्र 54 वर्ष पेशा खेती निवासी ग्राम बहेरा थाना जियावन तहसील देवसर जिला सिंगरौली (म.प्र.) शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि:- यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम आलोक त्रिपाठी है जिसकी अंग्रेजी में स्पेलिंग "AALOK TRIPATHI" है। यह कि मेरे द्वारा मेरे पुत्र का नाम स्कूल में सही लिखाया गया था किन्तु त्रुटिवश उसके नाम की स्पेलिंग "ALOK TRIPATHI" लिख दिया गया है जो गलत है जिसकी वास्तविक स्पेलिंग "AALOK TRIPATHI" है जो जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में सही नाम "AALOK TRIPATHI" ही लिखा गया है।

शपथकर्ता
नागेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेश कुमार पटेल पिता स्व. सुखलाल प्रसाद पटेल उम्र-50 वर्ष, निवासी ग्राम जयन्त, पोस्ट-जयन्त, थाना-विन्ध्यनगर, तहसील व जिला-सिंगरौली (म.प्र.) का निवासी हूँ:- यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र निखिल राज पटेल संत जोसेफ स्कूल शक्तिनगर उ.प्र. के कक्षा-9वीं में अध्ययनरत है। मेरे बालक के कक्षा 8वीं की मार्कशीट में माता का नाम GITA SINGH PATEL दर्ज हो गया है जो त्रुटिपूर्ण है, जबकि सही एवं वास्तविक नाम GEETA PATEL है जो कि सही एवं सत्य है। यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र नाम भिन्नता बावत् निष्पादित करवा रहा हूँ।

शपथकर्ता
राजेश कुमार पटेल

### नाम सुधार सूचना

मैं तारेश्वरी सिंह TARESHWARI SINGH पत्नी सेना संख्या 02878389Y पद हवलदार गोविन्द सिंह GOVIND SINGH निवासी ग्राम देवेन्द्र नगर पोस्ट देवेन्द्र नगर तहसील देवेन्द्र नगर जिला पन्ना मध्य प्रदेश है. मेरे पति के सैनिक दस्तावेज में मेरा नाम तारेश्वरी गलत दर्ज हो गया है मेरा वास्तविक सही नाम तारेश्वरी सिंह TARESHWARI SINGH है .जो मेरे आधार कार्ड ,पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में दर्ज है इसे ही सही व सत्य माना पढ़ा लिखा एवं जाना जाए.

तारेश्वरी सिंह

### नाम सुधार सूचना

मै प्रवीण कुमार निगम पिता महेश कुमार निगम निवासी हाउस नं.22 ग्राम-पोस्ट मुडहा ब्लाक सोहावल जिला सतना म.प्र. का निवासी हूं. मै शपथपूर्वक कहता हूं कि मैने अपने पुत्र अंश निगम के नाम भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा क्र.2 को.537 एन सतना से पा.नं.209051522 लिया था जिसमें निवास जवाहर नगर गली नं.10 उत्तरी सतना म.प्र. दर्ज है. पॉलसी में दर्ज नाम और पता गलत है सही नाम तन्मय निगम पिता प्रवीण कुमार निगम निवासी हा.नं.22 ग्राम पोस्ट मुडहा ब्लाक सतना जिला सतना म.प्र. है. यही सही है यह पढ़ा, लिखा और जाना जाए.

### नाम परिवर्तन सूचना

मै घोषणा करती हूँ कि मे मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम SONU AGRAWAL था जिसे मै शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम SON CHAMADIYA W/O VARUN CHAMADIYA कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम SON CHAMADIYA W/O VARUN CHAMADIYA के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता- ASHOK TRADERS, SUBHASH CHOWK, RAGHURAJNAGAR DISTRICT SATNA (M.P.) है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मै घोषणा करती हूँ कि मे मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम NEHA PARASWANI था जिसे मै शादी के बाद बदल कर अब अपना नया नाम NEHA NANDWANI W/O MAYANK NANDWANI कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम NEHA NANDWANI W/O MAYANK NANDWANI के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता- BANK COLONY PATNAHA JI KE GHAR KE SAMNE RAGHURAJNAGAR, DISTRICT SATNA (M.P.) है।

### नाम सुधार सूचना

मै प्रवीण कुमार निगम पिता महेश कुमार निगम निवासी हाउस नं.22 ग्राम-पोस्ट मुडहा ब्लाक सोहावल जिला सतना म.प्र. का निवासी हूं. मै शपथपूर्वक कहता हूं कि मैने अपने पुत्र युग निगम के नाम भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा क्र.2 को.537 एन सतना से पा.नं.209051521 लिया था जिसमें निवास जवाहर नगर गली नं.10 उत्तरी सतना म.प्र. दर्ज है. पॉलसी में दर्ज नाम और पता गलत है सही नाम तनिश निगम पिता प्रवीण कुमार निगम निवासी हा.नं.22 ग्राम पोस्ट मुडहा ब्लाक सतना जिला सतना म.प्र. है. यही सही है यह पढ़ा, लिखा और जाना जाए.

### कार्यालय नगर परिषद देवेंद्रनगर, जिला पन्ना (म.प्र.)

क्रमांक/1373/लो.नि.शा./ई-निविदा/2025 देवेंद्रनगर दिनांक 08/9/2025

ई-निविदा आमंत्रण-सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमांत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा आमंत्रण | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा क्रय करने की तिथि एवं अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _450061_1 | Const. of Shopping complex Block A at Sabji mandi (Self_financed Scheme) | Time :6 Months PAC Rs:16873041 | First call | Tender Form:12500.00 EMD: Rs.84365.00 | 10.09.2025 10:30 AM to 11.10.2025 05:30 PM |

नोट- 1. यह कार्य स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत किया जाना है दुकानों की नीलामी राशि प्राप्त होने पर ही ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।
2. संबंधित कार्य करने वाले ठेकेदार को 325 घ.मी. m-20 सी.सी. का कार्य एक वर्ष मे किया हो।
नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद देवेंद्रनगर,जिला पन्ना (मप्र)

### कार्यालय नगर परिषद् हनुमना, जिला-मऊगंज ( म0प्र0)

E-Mail ID-cmohanumana@mpurban.gov.in

क्रमांक / 765 / ऑनलाईन निविदा सूचना / न0परि0 / 2025 हनुमना, दिनांक- 26/08/25

ऑनलाईन निविदा आमंत्रण - सूचना

नगर परिषद हनुमना, जिला-मऊगंज द्वारा पी0सी0सी0 सड़क एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण हेतु म0प्र0 लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है, एस0ओ0आर0 दिनांक-02 अगस्त 2021 (संशोधित) के आधार पर निविदा प्रपत्र "अ" मे दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी बेबसाईट http://mpetender.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद हनुमना से प्राप्त की जा सकती है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधित केवल बेबसाईड पर भी प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि (लागत) | अमानत राशि | समय अवधि | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 - UAD-448236-1 | वार्ड क्रमांक-04 एन0एच0-07 से पी0डब्ल्यू0डी0 ऑफिस होते हुये बस्ती तक पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य करना। | 649344=00 | 6500-00 | 30 दिवस | 2000=00 |
| 2 | 2025 - UAD-448236-2 | वार्ड क्रमांक-07 श्री संतोष कोल के घर से कूप तक आर0 सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य करना। | 579625=00 | 5800-00 | 30 दिवस | 2000=00 |
| 3 | 2025 - UAD-448236-3 | वार्ड क्रमांक-09 में धर्मशाला पम्प हाउस के बगल से श्री छोटे चाय वाले की तरफ से होते हुये तालाब मोड़ तक आर0 सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य करना। | 388050=00 | 3900-00 | 30 दिवस | 2000 = 00 |

उक्त निर्माण कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 30.08.2025 को प्रात: 10.30 से दिनांक - 15.09.2025 को सायं 5.30 तक बेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेगें।

(अरुण कुमार त्यागी)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद् हनुमना, जिला-मऊगंज (म.प्र.)